तापमान
24.6° अधिकतम | 12.6° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, शनिवार 05 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 03, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 177 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### आज राज्यपाल करेंगे पूजा पंडाल का अनावरण, खुलेगा पट, भक्तों को होंगे मां जगदंबे के दर्शन

# सज-संवर कर आभा बिखेरने लगा है अयोध्या का श्रीराम मंदिर

**राजन बॉबी। रांची**

पुरानी विधानसभा मैदान में अयोध्या का श्रीराम मंदिर आभा बिखेरने लगा है. डेढ़ माह के कठिन परिश्रम के बाद आखिरकार कुशल कारीगरों ने राजधानी की धरा पर मंदिर का हूबहू स्वरूप उतार दिया. डिजाइन और लुक के क्या कहने. दूर से ही स्वयं के साक्षात होने का प्रमाण देता प्रतीत हो रहा है. साज-सज्जा के सारे काम पूरे कर लिए गए है. मां की मनोहारी प्रतिमा भी सज-संवर कर तैयार है.

शनिवार को दिन के 10 बजे राज्यपाल संतोष गंगवार पूजा पंडाल का अनावरण करेंगे. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी मौके पर खास तौर से मौजूद रहेंगे. पट खुलते ही देवी-देवताओ संग मां भवानी का मनोहारी स्वरूप साकार हो जाएगा. अयोध्या धाम में विराजे श्रीराम जी भी दर्शन देंगे. 30 फीट ऊंची हनुमान जी की 4डी प्रतिमा लुभाएगी. कई तरह के झूले और खाने-पीने के स्टॉलों का अलग आकर्षण रहेगा. दर्शनार्थी 12 अक्तूबर तक यहां भक्ति के मेले का लुत्फ उठा सकेंगे. अध्यक्ष अशोक चौधरी और महासचिव कुणाल आजमानी ने बताया कि 12 अक्तूबर तक सुबह से देर रात तक पंडाल का पट खुला रहेगा. भक्तों को हरसंभव सहयोग और सुरक्षा देने की समुचित व्यवस्था की गयी है. सुरक्षा गार्ड के साथ 60 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा चारो ओर लगाया गया है. फायर और एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है. चार सौ गाड़ी तक के लिए पार्किंग की सुविधा भी बहाल रहेगी. पंडाल के दो ओर से प्रवेश और निकास द्वार रहेगा, तांकि किसी तरह की असुविधा न हो.

- हनुमान जी की 4डी प्रतिमा रहेगा आकर्षण का केंद्र
- भवन में विराजे श्रीरामलला मोहेंगे भक्तों का मन
- भक्ति के मेले में खूब चटक होगा दुर्गोत्सव का रंग



### पूजा के आयोजन में इनका है योगदान

प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रकाश धेलिया, रोहित अग्रवाल, रोहित पांडेय ,धीरज तनेजा,विकास सिंह,निर्मल जालान ,प्रमोद सारस्वत ,दीपक चौधरी, उमेश यादव, सुजीत वर्मा, शुभम शर्मा, कृष्ण अग्रवाल,प्रवीण कुमार, डॉ दिलीप सोनी, मनीष लोधा, नीलम चौधरी ,रोहित शारदा, धर्मेंद्र तिवारी,विजय चौधरी, महेश सोनी इसमें मुख्य योगदान दे रहे हैं.

### आज शाम को खुलेगा ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा का पंडाल

ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति, बांगला स्कूल का पूजा पंडाल सज-धज कर तैयार है. पंडाल का पट शनिवार की शाम सात बजे आम भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा. समिति की ओर से इस बार एक टुकड़ा राजस्थान के थीम पर साज-सज्जा करायी गयी है. उसी अंदाज की प्रतिमाएं भी गढ़ी गयी है. पूजा स्थल में प्रवेश करते ही दर्शनार्थी बारीक कारीगरी से उकेरी गयी चित्रकारी, विविध आकृतियां और स्तंभ आदि की सुंदरता देखते ही रह जाएंगे.

***कल इन पंडालों के खुलेंगे पट :*** *भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार दुर्गापूजा समिति, रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति.*

***पंचमी को खुलेंगे पट :*** *पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति, हरमू : सीएम करेंगे उद्घाटन. आरआर स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा समिति, रातू रोड : सीएम करेंगे पूजा पंडाल का अनावरण. चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, मेन रोड : राज्यपाल करेंगे पंडाल का अनावरण. राजस्थान मित्र मंडल, बड़ा तालाब : गीतांजलि क्लब, मोरहाबादी,नेताजी नगर दुर्गा पूजा कमेटी, कांटाटोली,स्वर्ण जयंती क्लब, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडालां के पट आठ अक्तूबर षष्ठी को आम भक्तों के लिए खोल दिए जाएंगे.*

***पूजा पंडाल में फिर पुलिस ने डाला खलल :*** *रांची। श्रीराम लला पूजा समिति, पुराना विधानसभा मैदान में शुक्रवार की रात पौने नौ बजे एक बार फिर पुलिस ने खलल डाला. जगन्नाथपुर थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह दल-बल के साथ पहुंचे. आते ही झूला- स्टाल नहीं लगाने का फरमान सुनाते हुए काम बंद करवा दिया. इससे जमकर नोंक-झोंक हुई. झंझट होता देख भारी भीड़ एकत्रित हो गयी. सभी ने विरोध जताते हुए जयश्रीराम के नारे लगाए. लोगों का आक्रोश बढ़ता देख, थाना प्रभारी लाइसेंस और परमिशन पत्र दिखाने की मांग करते हुए लौट गए, लेकिन आमजन रात दस बजे तक डटे रहे. इस बीच सिटी डीएसपी मौके पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया कि अब आगे से कोई व्यवधान नहीं होगा.*

---

### दूसरों का घर रौशन करने वालों का भी घर रौशन होता, अगर माटी कला बोर्ड काम कर रहा होता

# 33 लाख कुम्हारों को मिलेगा दिवाली गिफ्ट!

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के कुम्हार सालों भर मिट्टी के बर्तन बनाते हैं. बेचते हैं. लेकिन अक्टूबर-नवंबर का वक्त उनके लिए खास है. इन्हीं दिनों दिवाली पर्व आता है. लिहाजा कुम्हार मिट्टी का दिया बनाने में जुट गए हैं. उनके बनाये दिये से दूसरों के घर रौशन होंगे. इस बात की उन्हें खुशी है. लेकिन मलाल है कि उनकी जिंदगी को संवारने का काम अधूरा रह गया है. उनकी जिंदगी, उनके काम को आसान बनाने और घरों को रौशन करने के लिए झारखंड में माटी कला बोर्ड की दरकार है. पर, यह बोर्ड पिछले चार सालों से काम नहीं कर रहा. ना बोर्ड के अध्यक्ष हैं और ना सदस्य. एमडी समेत अन्य अधिकारी-पदाधिकारी व कर्मचारी भी नहीं हैं. ऐसे में झारखंड के कुम्हारों की राज्य सरकार से अपील है कि माटी कला बोर्ड सक्रिय हो, ताकि बोर्ड की मदद से उनकी जिंदगी भी रौशन हो सके. अगर वर्तमान सरकार बोर्ड में अध्यक्ष, सदस्य, एमडी समेत अन्य की नियुक्ति करती है, तो यह झारखंड के कुम्हारों के लिए दिवाली का गिफ्ट होगा.

**आंदोलन के बाद बना था माटीकला बोर्ड :** किसी भी व्यक्ति या समाज के बुनियादी विकास के लिए जरूरी है कि उसका सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास हो. कुम्हार समाज की सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक उन्नति के लिए एकीकृत बिहार के समय से कुम्हार समाज की मांग थी माटीकला बोर्ड बने, ताकि कुम्हारों को उनका अधिकार मिल सके. झारखंड गठन के बाद भी इसकी मांग होती रही. माटीकला बोर्ड की मांग को लेकर छह सितंबर 2016 को राज्य भर के कुम्हारों ने जिला मुख्यालयों में उपायुक्त के समक्ष एक दिवसीय धरना -प्रदर्शन किया था. इसके बाद 28 दिसंबर को माटीकला बोर्ड के गठन का प्रस्ताव विधानसभा में लाया गया और 30 दिसंबर को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई. लेकिन माटी कला बोर्ड अस्तित्व में नहीं आया. तब एक जनवरी 2017 को झारखंड कुम्हार महासंघ ने आभार मार्च निकाला. इसके बाद मई 2017 से झारखंड माटीकला बोर्ड अस्तित्व में आ गया. एक अध्यक्ष और पांच सदस्य बनाये गये. तीन साल बाद बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो गया. जिसके बाद से नए अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई है.



### मिट्टी के बर्तनों के हैं कई लाभ

जैसे-जैसे हमारी निर्भरता कृत्रिम वस्तुओं पर बढ़ रही है, वैश्विक स्तर पर पर्यावरणीय बदलाव हो रहा है. इसका असर हमारी कार्यक्षमता में कमी के रूप में भी देखने को मिल रही है. यही कारण है कि दुनिया भर में काम के घंटे को कम करने की बात हो रही है. इन कारणों से आबादी के अनुपात में उत्पादन करना मुश्किल होता जा रहा है. बदलते वक्त के साथ औद्योगिक क्रांति हुई और हम मशीनी युग में प्रवेश करते चले गए. आज प्लास्टिक को सबसे बड़ा दुश्मन माना जा रहा है. ऐसे वक्त में जरूरी है कि हमारी निर्भरता मिट्टी के बर्तनों की तरफ बढ़े. ऐसा तभी संभव है, जब हर तकनीकी विद्यालय, महाविद्यालय में एक ट्रेड मिट्टी को भी रखा जाए और इसकी शिक्षा बच्चों को दी जाए, तो पटेल की मूर्ति चीन से बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. मिट्टी के बर्तन को एल्युमिनियम या धातु से सस्ता कर दिया जाए तो सब की पहली पसंद मिट्टी होगी. हांडी वाली साग की सौंधी स्वाद अब नहीं है, जिसका नतीजा है कि गैस्ट्रिक, बीपी, शुगर के मरीज बढ़े हैं. मिट्टी वाली 18 सूक्ष्म पोषक तत्व आदमी के थाली से गायब है. यही कारण है कि समय से पहले लोगों के बाल पक रहे हैं और आदमी समय से पहले बूढ़ा नजर आ रहा है.


## क्या कहते हैं कुम्हार समाज के लोग

### कुम्हारों के कई काम आसान हो जाएंगे : हरेराम



धनबाद निवासी हरे राम पंडित कोल इंडिया में उप महाप्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं. वे कुम्हार समाज की सेवा में लगे रहते हैं. उन्होंने बताया कि माटीकला बोर्ड होने से कुम्हारों के लिए काम आसान हो जायेगा. मिट्टी के बर्तनों को बनाने के लिए जिन आधुनिक कल पुर्जों की उन्हें जरूरत है, वह आसानी से उपलब्ध हो पायेगा.

### कुम्हारों में संपन्नता आएगी : जोगेंद्र प्रजापति



गढ़वा निवासी जोगेंद्र प्रजापति बताते हैं कि माटीकला बोर्ड हमारे समाज को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए बहुत जरूरी है. सरकार जल्द से जल्द इस बोर्ड के लिए अध्यक्ष, सचिव समेत अन्य अफसरों की नियुक्ति करे, ताकि कुम्हार समाज के लोगों को भी उनका हक मिल सके.

### राजनीतिक पहचान के लिए जरूरी: नमिता देवी



रामगढ़ निवासी नमिता देवी कुम्हार समाज की जिला अध्यक्ष हैं. उन्होंने कहा कि माटीकला बोर्ड के अस्तित्व में रहने से कुम्हारों को अलग राजनीतिक पहचान मिलती है. इस जाति के लिए हर राज्य में बोर्ड का होना बहुत जरूरी है. उन्होंने सरकार से मांग की है कि माटीकला बोर्ड का गठन कर इस दिवाली कुम्हारों को गिफ्ट दें.

### इस बोर्ड का पुनर्गठन जल्द हो : प्रकाश कुमार



जामताड़ा के नारायणपुर निवासी प्रकाश कुमार राष्ट्रीय प्रजापति हिरोज ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय महसाचिव हैं. उन्होंने बताया कि झारखंड में माटीकला बोर्ड बहुत ही जरूरी. बोर्ड के गठन से कुम्हार जाति के लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा. उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द माटीकला बोर्ड का पुनर्गठन किया जाये.

### माटीकला बोर्ड के पुनर्गठन से क्या होगा लाभ

कुम्हार, लोहार, बढ़ई, चमार जाति के लोग पारंपरिक पेशे से अपना जीविकोपार्जन चलाते थे. लेकिन आज कॉरपोरेट घरानों ने उन्हें बेकार कर दिया है. इस कारण समाज के जन्मजात हुनरमंद लोग बेगार हो गए. अगर राज्य में माटीकला बोर्ड काम करता है, तो इन हुनरमंदों को रोजगार उपलब्ध कराना आसान हो जायेगा. अगर बोर्ड सही तरीके से काम करे तो कुम्हारों को इलेक्ट्रिक चाक, पग मिल, जिगर जौली पीडिएस दुकान की तरह रियायत दर पर ईंधन उपलब्ध कराना आसान हो जायेगा. कुम्हारों को प्रशिक्षण भी दिया जा सकेगा. तब ये कुम्हार बर्तन बनाने वाली कंपनियों का मुकाबला आसानी से कर पाएंगे.

---

### हिमंता व बाबूलाल ने किया स्वागत, कहा पलामू प्रमंडल में मिलेगी मजबूती

# एनसीपी के इकलौते विधायक कमलेश सिंह भाजपा में शामिल




भाजपा कार्यालय में कमलेश सिंह को भाजपा की सदस्यता दिलाते बाबूलाल मरांडी और हिमंता विस्वा सरमा.

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में एनसीपी (अजीत पवार) के विधायक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए. प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में असम के सीएम और प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका पार्टी में स्वागत किया. मिलन समारोह में कमलेश सिंह के साथ उनके पुत्र सूर्या सिंह और सैकड़ों समर्थकों भी भाजपा में शामिल हुए. कमलेश सिंह पलामू जिले के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं.

वह पूर्व में झारखंड सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं. भाजपा की सदस्यता लेने के बाद उन्होंने कहा कि झारखंड में आज जिस तरह के भय का वातावरण है और बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से राज्य की पहचान खतरे में है, उसमें जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है. कमलेश सिंह ने कहा कि भाजपा की अगुवाई में ही राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलेगी. भाजपा एक समुद्र की तरह है, जबकि बाकी पार्टियों की हैसियत तालाब से ज्यादा नहीं है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कमलेश सिंह और उनके समर्थकों के पार्टी में आने से पलामू प्रमंडल में निश्चित रूप से पार्टी की ताकत बढ़ेगी. झारखंड में पिछले डेढ़ महीने में राज्य के चार विधायकों ने दूसरी पार्टियों को छोड़ कर भाजपा का दामन थामा है. इनमें चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम झामुमो छोड़ कर आए हैं. हालांकि, चंपाई सोरेन ने भाजपा की सदस्यता लेने के ठीक पहले विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया था. इनके अलावा हजारीबाग जिले के बरकट्ठा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक अमित यादव भी हाल में भाजपा में शामिल हुए हैं.

### बहुमत की सरकार बनाएगी भाजपा: हिमंता विस्वा सरमा

हिमंता ने कहा कि कमलेश सिंह के आने से किसी को नाराजगी नहीं होनी चाहिए, बल्कि सदस्यों की संख्या बढ़ने से खुशी होनी चाहिए. कमलेश सिंह पर भी जिम्मेदारी होगी कि पुराने और नए साथियों को साथ लेकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे. कमलेश सिंह की ज्वाइनिंग से पहले भाजपा ने एनसीपी से सहमति ले ली थी, क्योंकि एनसीपी एनडीए का सहयोगी है. एक माह से कमलेश सिंह को पार्टी में शामिल करने को लेकर एनसीपी के केंद्रीय नेतृत्व से हमारी बात चल रही थी. पार्टी का मकसद है कि आगामी विस चुनाव में अधिक से अधिक सीट जीतकर बहुमत के साथ सरकार बनाएं.

### हरिनारायण राय समेत कई लोग भाजपा के संपर्क में

हरिनारायण राय को पार्टी में शामिल कराने को लेकर चल रही चर्चा पर हिमंता विश्व सरमा ने कहा कि हमारी मुलाकात दिल्ली और उनके घर पर भी हुई है. हरिनारायण राय के बारे में न्यायालय के आदेश पर कुछ अड़चन है. इसलिए अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा बहुत कुछ यहां देखने को मिलेगा और इसको लेकर पार्टी पूरी तरह से तैयार है. कई लोग पार्टी में शामिल होने के लिए संपर्क में हैं. बस समय का इंतजार किया जा रहा है.

---

**खेल**

### हॉकी इंडिया लीग की सात साल के अंतराल के बाद वापसी, खूब जमेगा अपने शहर में खेल का रंग

# रांची में खेला जाएगा एचआईएल महिला का फाइनल मैच

- फाइनल मैच के अलावा लीग के कई मैच भी रांची में होंगे
- पुरुषों की एक टीम रांची (नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) की भी होगी




दिल्ली में बैठक कर दी गई जानकारी.

**संवाददाता। रांची**

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सात साल के बाद वापसी करने को तैयार है. इसके लिए पुरुष और महिला फ्रेंचाइजी की घोषणा कर दी गई है. एचआईएल में आठ पुरुष व छह महिला टीमें शामिल होंगी. पहली बार स्टैंडअलोन महिला लीग पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी. एचआईएल के मैच दो स्थानों पर होंगे.रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और राउरकेला में बिरसा स्टेडियम. महिलाओं का फाइनल 26 जनवरी को रांची में और पुरुषों का फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में होगा.

**खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक :** खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में होगी. प्रत्येक फ्रेंचाइजी 24 खिलाड़ियों की टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जू. खिलाड़ियों का अनिवार्य समावेश) व 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे. एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के सीईओ महेश भूपति ने कहा, हम देश में हॉकी की नई लहर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं. हमें विश्वास है कि हॉकी इंडिया लीग अपने पहले कुछ सत्रों में तेजी से आगे बढ़ेगी.जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, देश में खेल का विकास हो रहा है. हमें विश्वास है कि हमारे पास वह सब कुछ है जो इस गति को आगे बढ़ा सकता है. चैंपियन एथलीट और विशेष रूप से प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी तैयार करने के मामले में पंजाब और हरियाणा राज्य की भूमिका बड़ी है. हमारी टीमों की भूमिका लीग से आगे तक जाएगी और हम इस यात्रा के शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते.

### पुरुषों की फ्रेंचाइजी और उनके मालिकों की सूची

| | |
|---|---|
| 1.चेन्नई | चार्ल्स ग्रुप |
| 2.लखनऊ | यदु स्पोर्ट्स |
| 3.पंजाब | जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स |
| 4.पश्चिम बंगाल | श्राची स्पोर्ट्स |
| 5.दिल्ली | एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट |
| 6.ओडिशा | वेदांता लिमिटेड |
| 7.हैदराबाद | रेसोल्यूट स्पोर्ट्स |
| 8.रांची | नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |

### महिला फ्रेंचाइजी और उनके मालिकों की सूची

| | |
|---|---|
| 1. हरियाणा | जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स |
| 2. पश्चिम बंगाल | श्राची स्पोर्ट्स |
| 3. दिल्ली | एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट |
| 4. ओडिशा | नवोयम स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |

बाकी दो महिला फ्रेंचाइजी की जानकारी थोड़े दिनों में साझा की जाएगी.

---

# पुलिस हुई सख्त: स्पा के मालिकों पर मामला दर्ज

- युवती पर जिस्मफरोशी का डालते थे अनैतिक दबाव

**संवाददाता। रांची**

किशोरगंज के स्पा सेंटर की छत से कूद कर जान देने की कोशिश करने वाली युवती ने शुक्रवार को पुलिस से कई खुलासे किए. उसका आरोप है कि स्पा सेंटर के मालिक उससे स्पा में अनैतिक काम (जिस्मफरोशी) करने का दबाब देते थे और उसे कैद में रखा जाता था.

महिला इंस्पेक्टर नमृता ने युवती से पूछताछ के बाद उसे काउंसलिंग के लिए भेज दिया. सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि पुलिस के सामने युवती ने बयान दिया है कि स्पा सेंटर का संचालक मनीष कुमार और संतन गुप्ता उस पर अनैतिक काम करने का दबाव बना रहे थे. इससे परेशान होकर उसने जान देने की कोशिश की. सिटी एसपी ने बताया कि युवती के बयान पर संचालकों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है.

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को स्पर्श सलून एंड स्पा में काम करने वाली युवती की वजह से एक घंटे तक पुलिस परेशान रही थी. युवती ने स्पा की खिड़की से छलांग लगा दी थी लेकिन वह जमीन पर गिरने की बजाय बालकनी में जा अटकी, जिसके बाद बड़ी मुश्किल से उसे रेस्क्यू किया गया था. उस समय स्थानीय लोगों और पुलिस के जरिये युवती को बालकनी से नीचे उतारा गया. इस दौरान युवती कैमरे पर यह बयान दिया था कि वह पारिवारिक जीवन से परेशान है. इसलिए सुसाइड करना चाहती थी लेकिन पुलिस के सामने युवती ने कुछ अलग ही कहानी बताई.

# वर्षों इंतजार के बाद आखिरकार हरमू रोड फ्लाईओवर के निर्माण का रास्ता हुआ साफ

## रातू रोड, किशोरगंज, शनि मंदिर चौक, भारत माता चौक सहित पूरे हरमू रोड को मिलेगी जाम से मुक्ति, मुख्यमंत्री ने बहुप्रतीक्षित फोर लेन हरमू फ्लाईओवर निर्माण का किया शिलान्यास, दीपावली के बाद शुरू हो जाएगा काम

**कौशल आनंद। रांची**

वर्षों इंतजार के बाद आखिरकार हरमू रोड फोर लेन फ्लाईओवर के निर्माण का रास्ता साफ हो गया. शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसके निर्माण की आधारशिला रखी. विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दीपावली बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा. इसके निर्माण से रातू रोड चौक, शनि मंदिर चौक, गाड़ीखाना चौक, किशोर गंज चौक, भारत मात चौक सहित पूरे हरमू रोड जाम से मुक्त हो जाएगा. चूंकि यह वीवीआईपी मुवमेंट वाली भी सड़क है. इसलिए वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान इस सड़क के दोंनो बसे मुहल्ले के लाखों लोग कैद हो जाने को मजबूर हो जाते हैं. इससे लोगों का बड़ी राहत मिलेगी.

**रातू रोड जंक्शन के पास जमीन से 18 मीटर उंचा होगा फ्लाईओवर:** वर्तमान में रातू रोड फ्लाईओवर का काम चल रहा है. हरमू रोड फ्लाईओवर का निर्माण रातू रोड फ्लाईओवर को भी क्रास करेगा. विभाग ने जो डीपीआर बनाया है, उसके अनुसार करीब 18 मीटर रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर से उंचा हरमू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर होगा. ऐसे में हरमू रोड से आनेवाले वाहन ऊपर ही ऊपर पार होंगे इसमें राजभवन की भी सुरक्षा को ध्यान में रखा गया है.










**ऐसा होगा हरमू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर सड़क**

सहजानंद चौक से शुरू होकर भारत माता चौक, किशोर गंज चौक, गाड़ीखाना चौक, शनि मंदिर चौक, रातू रोड चौक होते हुए जज कॉलोनी कांके रोड तक हरमू एलिवेटेड कॉरिडोर फोर लेन का निर्माण होगा. कैबिनेट से इसकी स्वीकृति 28 जून को ही मिल गयी है. इसका टेंडर अंतिम चरण में है. करीब 3.53 किमी लंबा यह फ्लाईओवर होगा. 470 करोड़ से इसे बनाया जायेगा. निर्माण लागत 355 करोड़ रुपये होगी. शेष राशि जमीन अधिग्रहण, बिजली उपकरणों की शिफ्टिंग, पाइप लाइन की शिफ्टिंग, कंसलटेंसी चार्ज, आदि में खर्च की जायेगी. भू अर्जन में काफी राशि खर्च होगी.

- राजभवन की भी सुरक्षा को ध्यान में रखा गया
- रातू रोड चौराहा के पहले गौशाला के पास भी रैंप तैयार करने की योजना है

**वाहनों को चढ़ने के लिए बनेंगे रैंप**

प्रस्तावित फोरलेन फ्लाईओवर पर चढ़ने-उतरने के लिए एसीबी ऑफिस स्टार्ट प्वाइंट और हरमू चौक के पास इंड प्वाइंट होगा. दोनों जगह पर रैंप बनाये जायेंगे. इसके अलावा सहजानंद चौक के पास बायीं ओर भी रैंप बनाया जायेगा. जिसके जरिये लोग कडरू आदि इलाके में आना-जाना कर सकेंगे. वहीं, रातू रोड चौराहा के पहले गौशाला के पास भी रैंप की योजना है.

## ब्रीफ खबरें

### निगम प्रशासक संग चैंबर ने की बैठक

**रांची।** भवन नियमितीकरण योजना जल्द प्रभावी हो, इसके लिए शुक्रवार को झारखंड चैंबर और नगर प्रशासक की बैठक निगम कार्यालय में हुई. चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि जनता सरकार की इस योजना के जल्द प्रभावी होने की प्रतीक्षा में है. नगर विकास विभाग द्वारा प्रस्तावित योजना के जल्द प्रभावी होने से राज्य में लाखों भवन/मकान टूटने से बचेंगे और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 1 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे. प्रतिनिधिमंडल ने यह भी सुझाया कि वैसे भवन जिनकी ऊंचाई 15 मीटर से 21 मीटर तक है, उन्हें भी उचित फाइन लेकर नियमितीकरण करने का प्रावधान किया जाय और प्लिंथ एरिया को 500 स्कवॉयर मीटर से 600 स्कवॉयर मीटर कर दिया जाय.

### भाजपा विरोधी शक्तियां एकजुट होकर कार्य करें

**रांची।** भाजपा को विधानसभा चुनाव 2024 में करारी शिकस्त देने के लिए तमाम भाजपा विरोधी शक्तियों से भाकपा-माले एकजुट होकर काम करने का आह्वान करती है. माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने भाकपा-माले गैर राजनीतिक आंदोलनकारी ताकतों से भी साथ आने की अपील की है, ताकि जल-जंगल - जमीन और जमीनी समस्याओं को चुनाव का मुख्य एजेंडा बनाया जाए और भाजपा के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की साजिश को नाकाम किया जा सके. इंडिया गठबंधन को बिना देर किए सीटों के तालमेल पर बात शुरू कर देनी चाहिए. गठबंधन एवं अन्य दलों से सीट संबंधित वार्ता के लिए भाकपा माले राज्य कमेटी पांच सदस्यीय टीम की घोषणा करती है.

### वैश्य मोर्चा का चेतावनी महाधरना कल होगा

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा अपनी लंबित मांगों की पूर्ति के लिए छह अक्टूबर को मोरहाबादी मैदान स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष चेतावनी महाधरना आयोजित होगा. मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि इसकी सूचना अनुमंडलाधिकारी (सदर) को दी गई है. इस कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और प्रमुख सदस्य भाग लेंगे. कार्यक्रम के पाश्चात्य मुख्यमंत्री, राज्यपाल और मंत्रियों को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा जायेगा. साहु ने कहा कि ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण, शून्य जिलों में एक समान आरक्षण की व्यवस्था, जाति जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋृण माफी, वैश्यों की लूटी गई जमीन वापसी आदि मांगें शामिल हैं.

## झारखंड पर ग्रहण का कारण भाजपा का झूठ, कपट और भ्रष्टाचार का नजरिया

# राज्य गठन के रजत जंयती वर्ष में भाजपा को खदेड़ना सामूहिक जिम्मेवारी : बंधु

**विशेष संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री और झारखंड चुनावी घोषणा पत्र के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड के विकास पर छाये लंबे ग्रहण के कारण लगा. भाजपा की वह झूठ, छल-प्रपंच, कपटपूर्ण और भ्रष्टाचार से भरा-पूरा राजनीतिक नज़रिया है, जो सभी समस्याओं की जड़ में है. 15 नवम्बर 2000 को प्रदेश गठन के बाद 24 साल पूरे होने को आये हैं. अब झारखंड अपने रजत जयंती जैसे महत्वपूर्ण वर्ष में प्रवेश करेगा. उन्होंने कहा कि इस युवावस्था में जहां अपने पैरों पर खड़े होने के विषय में सभी लोग बेहद गंभीरता के साथ सोचते हैं वही यह दुर्भाग्य की बात है कि सामाजिक-आर्थिक विकास के मामले में आज भी झारखंड देश के पिछड़े प्रदेशों में शामिल है.

**83 हजार करोड़ की योजनाओं में झारखंडियों को कितना लाभ होगा :** भाजपा नेताओं और विशेष रूप से केंद्र सरकार को यह बताना चाहिये कि उस 83 हज़ार करोड़ या पहले की लाखों-करोड़ों रुपये की उन योजनाओं में से कितने का लाभ झारखंड के आदिवासियों, मूलवासियों और यहां के लोगों के हित में होगा. जनजातीय उपयोजना, पांचवी अनुसूची, पेसा कानून, वनाधिकार कानून जैसी आदिवासियों के हित के लिये तैयार की गयी अनेक महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजनायें कांग्रेस की देन है लेकिन भाजपा सरकार ने अबतक केवल और केवल लॉलीपॉप थमाने का काम किया.



**हेमंत के अच्छे नेतृत्व को केंद्र से अस्थिर करने का प्रयास किया**

तिर्की ने कहा कि पिछले 5 साल के अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही इंडिया गठबंधन की सरकार ने उस वातावरण को परिवर्तित करने का बहुत अधिक प्रयास किया लेकिन हेमंत सरकार को शुरू से ही प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से केंद्र सरकार, भाजपा नेताओं एवं केंद्र सरकार की एजेंसियों के द्वारा अस्थिर करने का प्रयास किया जाता रहा है जो किसी से भी छुपा हुआ नहीं है.

**भाजपा के सीएम ने केवल भ्रष्ट और बहारी तत्वों को प्रोत्साहित किया**

तिर्की ने कहा कि पिछले 24 साल में 17 साल भाजपा का शासन रहा और उसने इस दौरान झारखंड की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था को खोखला कर दिया है. उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल के दौरान भाजपा के प्रत्येक मुख्यमंत्री ने केवल भ्रष्ट और वैसे बाहरी तत्वों को प्रोत्साहित किया जिनका झारखंड गठन के आंदोलन के साथ-साथ यहां के समाज, राजनीति और विकास से कोई भी भावनात्मक लगाव नहीं था. भाजपा नेताओं और उसकी सरकार ने यहां के आदिवासियों, मूलवासियों और झारखंड के आम लोगों की बजाय केवल वैसे बाहरी तत्वों को प्रोत्साहित किया जो ठेकेदार और जमीन दलाली की प्रवृत्ति के थे और उन्होंने झारखंड आकर केवल और केवल साजिश रची.

**कोर्ट के निर्देश के बाद भी बकाए पर केंद्र की चुप्पी निराशाजनक**

तिर्की ने कहा कि पिछले 10 साल के दौरान झारखंड का अपने खनिजों की रायल्टी के मद में केन्द्र सरकार के ऊपर 1 लाख 38 हज़ार करोड रुपये बकाया है और कुछ सप्ताह पहले ही सर्वोच्च न्यायालय ने इस रकम को झारखंड को भुगतान करने का केन्द्र सरकार को आदेश दिया है लेकिन इस पर भी केंद्र सरकार चुप्पी मार कर बैठी है जो बहुत निराशाजनक है.

# मंईयां सम्मान यात्रा के तीसरे चरण का आगाज आज तमाड़ से, तीन विस में कल्पना करेंगी सभा

**विशेष संवाददाता। रांची**

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां योजना के तहत महिलाओं की गोलबंदी को लेकर शुरू की गयी मंईयां सम्मान यात्रा का तीसरा पड़ाव दक्षिणी छोटानागपुर के तमाड़ विधानसभा से शुरू हो रहा है. पांच अक्टूबर को पहली आम सभा तमाड़ विधानसभा में होगी. इसी दिन खूंटी व तोरपा विधानसभा में आम सभा होगी. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर महिला बाल, समाज कल्याण मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और विधायक कल्पना सोरेन शामिल होंगी. पांच अक्टूबर को कल्पना सोरेन खूंटी की उलिहातू पहुंचेंगी.

**आठ को लोहरदगा में कार्यक्रम**

आठ अक्टूबर को यह कार्यक्रम लोहरदगा में होगा. इस कार्यक्रम में सीएम की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन हिस्सा लेंगी. अपने सार्वजनिक जीवन में कल्पना की यह पहली लोहरदगा यात्रा होगी. इस मौके पर वे मंईयां योजना की लाभुक महिलाओं को संबोधित करेंगी. इसको लेकर स्थानीय झामुमो इकाई ने बैठक की और इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर रणनीति बनायी. झामुमो के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं को इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. मालूम हो कि इस यात्रा का दो पड़ाव पलामू और कोल्हान प्रमंडल में संपन्न हो चुका है.

इसके बाद तमाड़ में सुबह 10.55 बजे आम सभा होगी. इसके बाद 1.15 बजे अड़की मोड़ में स्वागत होगा. 1.45 बजे बिरसा मुंडा कांप्लेक्स में कल्पना सोरेन माल्यार्पण करेंगी. 2.15 बजे सरदार गया मुंडा, 2.55 बजे शहीद अब्राहम मुंडा, सायको गोलीकांड की प्रतिमा में माल्यार्पण, 2.55 बजे से भगत सिंह चौक खूंटी में माल्यापर्ण करेंगी. इसके बाद खूंटी में आम सभा 3.10 बजे, 4.45 बजे तोरपा प्रखंड मैदान में आम सभा करेंगी और शनिवार को ही रांची वापस लौट जाएंगी.

### युवा कांग्रेस के अध्यक्ष चिब को बिरसा की प्रतिमा देकर बधाई दी



**रांची।** भारतीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया. इस मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी ने दिल्ली में उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा देकर बधाई और शुभकामनाएं दी.

## न्यूज अपडेट

### सर्वधर्म समिति का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला



**रांची।** सर्वधर्म सदभावना समिति के लोग शुक्रवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मिले. उन्हें पगड़ी, बुके एवं शाल देकर स्वागत किया. पर्व त्योहारों को आपसी सौहार्द से सम्पन्न कराने में विभिन्न संगठनों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताते हुए भविष्य में भी सहयोग करने की बात कही. उपायुक्त ने लोगों की बातों को गम्भीरता से सुना एवं कहा कि अफवाहों पर ध्यान नही देना है. साथ ही वाट्सएप पर यदि कोई भड़काऊ बातें पोस्ट की जाती हैं, तो तुरंत स्थानीय थाना को या वरीय पदाधिकारियों को जानकारी दें, ताकि समय से उसे रोका जा सके. उन्होंने एकता, भाईचारा एवं आपसी सौहार्द कायम रखने के लिये प्रशासनिक स्तर पर अपना पूरा सहयोग देने की बात कही. बधाई देने वालों में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह यादव, सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो इसलाम, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, कर्बला चौक दुकानदार समिति के अध्यक्ष हाजी माशूक, गुरूनानक स्कूल के सेक्रेटरी परमजीत सिंह टिंकू, अशोक यादव, परवेज आलम (लालपूर), नौशाद आलम, मौलाना आजाद कालेज के परवेज आलम, बंटी यादव, कमलेश यादव, जसीम हसन, अब्दुल खालिक नन्हू, तनवीर आलम शामिल थे.

### एमटीआई सेल में 360 डिग्री सतर्कता पर हुई कार्यशाला



**रांची।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के तहत सेल रांची ने 360 डिग्री सतर्कता पर कार्यशाला का हुआ, जिसमें निवारक सतर्कता, सीटीई परीक्षा आयोजित करने, जांच तकनीक और शिकायत प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया. इसका उद्घाटन शुक्रवार को एमटीआई में सतर्कता आयुक्त एएस राजीव, सचिव सीवीसी पी डैनियल, सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, मेकॉन के सीएमडी संजय वर्मा और सीवीओ सेल एसएन गुप्ता द्वारा किया गया. मौके पर निदेशक कार्मिक केके सिंह, निदेशक प्रभारी बीके तिवारी, संयुक्त सचिव नितिन कुमार, ईडी सतर्कता सेल संजय शर्मा, ईडी सीटीई श्रवण कुमार वर्मा, ईडी वेद प्रकाश, ईडी एसके कर, सीवीओ मेकॉन सतीश कुमार, सीवीओ सीएमपीडीआई सुमित सिन्हा और सीवीओ सीसीएल पंकज कुमार मौजूद थे. सीवीओ सेल ने कार्यशाला और सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान के महत्व के बारे में जानकारी दी. सेल अध्यक्ष प्रकाश ने खरीद/अनुबंध प्रस्तावों को शुरू करते समय स्पीकिंग नोट्स और उचित औचित्य लिखने पर जोर दिया और कहा कि अनुमोदन प्राधिकारी को भी प्रस्ताव को मंजूरी देते समय विवेकपूर्ण तरीके से निर्णय लेना चाहिए. सेल, मेकॉन, सीसीएल और सीएमपीडीआई के सतर्कता अधिकारियों के साथ-साथ सेल, रांची की इकाइयों के अधिकारियों ने भाग लिया. जीएम अर्चना शरण ने मुख्य समारोह की अध्यक्षता की और सुचारू रूप से संचालित किया.

# डी फार्मा छात्रों का झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल पर प्रदर्शन



**संवाददाता। रांची**

झारखंड के विभिन्न कॉलेजों के डिप्लोमा इन फार्मेसी (डी फार्मा) के छात्रों ने शुक्रवार को फार्मेसी काउंसिल बरियातू की तरफ से वार्षिक परीक्षा आयोजित करने में देरी के खिलाफ प्रदर्शन किया.

इस विरोध प्रदर्शन में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो भी शामिल हुए. परीक्षा समिति से मुलाकात की, कहा- परीक्षा जल्द ली जाए. ये इनके मानसिक तनाव का कारण बन रही है, इसके कारण करियर की योजनाएं और भविष्य के अवसर बाधित हो रही हैं. छात्रों ने बताया कि परीक्षा समिति के अध्यक्ष, स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से कई बार अपील की गई. इसके बावजूद इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई. छात्र अब मांग कर रहे हैं कि बिना किसी और देरी के परीक्षा की तिथि घोषित हो.

आइसा के लोग भी इसमें शामिल हुए. आइसा के राज्य सह सचिव संजना मेहता ने कहा कि छात्रों के भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता. परीक्षा में देरी से बैकलॉग बढ़ रहे हैं, जिसका असर वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा. संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र परीक्षा की तिथियों की घोषणा नहीं हुई, तो राज्य के सभी फार्मेसी छात्र रांची में उग्र आंदोलन करेंगे.

# विस्थापितों को लेकर बोकारो स्टील प्लांट से मांगा जवाब

**संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की बैठक होटल बीएनआर चाणक्य में आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा और निरुपम चाकमा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में डॉ लकड़ा ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट के लिए 26,908.56 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया था, इसमें 49 गांव प्रभावित हुए थे. इन विस्थापितों को मुआवजा मिला या नहीं, बोकारो स्टील प्लांट स्थापित करने के बाद शेष खाली जमीन पर 18 स्कूल व दुकान चलाए जा रहे हैं. प्लांट के कर्मियों को भी लीज पर जमीन दे दी गई है, जिन लोगों से जमीन ली गई, उन्हें 1956 से 1981 तक मुआवजा मिला. जिनकी जमीन चली गयी, उन्हें कुछ नहीं मिला. ठेका करने वाले भी स्थानीय लोगों को काम पर नहीं रखते हैं.



**अधिकारियों से इन विषयों पर मांगा गया जवाब**

- बोकारो स्टील प्लांट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में एक भी एसटी अधिकारी नहीं हैं
- बैकलॉग में एसटी की रिक्त नहीं है. एसटी कर्मियों को प्रमोशन भी नहीं मिला है. डिप्लोमा डिग्री वाले अभ्यर्थियों का कंबाइंड एग्जाम लिया जाता है. रोस्टर ऑनलाइन नहीं है
- बोकारो स्टील प्लांट की खाली जमीन पर पूर्व में 42 स्कूल संचालित किए जा रहे थे, लेकिन वर्तमान में मात्र पांच स्कूल ही संचालित किए जा रहे हैं. इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे वर्तमान में डीएवी स्कूल में नामांकित हैं. बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन के पास विदेश प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है
- कौशल प्रशिक्षण के नाम पर मात्र एक आईटीआई है, जिसमें 300 विद्यार्थी हैं. इन विद्यार्थियों में एसटी की संख्या क्या है, इसकी जानकारी उनके पास नहीं है. आयोग की ओर से उन्हें निर्देश दिया गया है कि संस्थान में पढ़ रहे विद्यार्थियों का 50 प्रतिशत का प्लेसमेंट होना चाहिए
- सीएसआर के नाम पर बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारी ने आयोग के समक्ष गोलमोल जवाब दिया. आयोग की ओर से उन्हें निर्देश दिया गया कि सीएसआर के तहत विस्थापितों के बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किल डेवलमेंट व पोषण से संबंधित लाभ उपलब्ध कराएं. बोकारो स्टील प्लांट की जिस खाली जमीन पर स्कूलों का संचालन किया जा रहा है, उसमें विस्थापितों के बच्चों को भी लाभ मिले. उन्हें स्कूल फीस में छूट मिलनी चाहिए

**कार्यक्रम** कोयला व खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सीएमपीडीआई का किया दौरा

# हैकथॉन के विजेताओं को किया सम्मानित, संस्थान को सराहा

**संवाददाता। रांची**

सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में संस्थान द्वारा कोयला गैसीकरण पर आयोजित हैकथॉन के विजेताओं को कोयला व खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सम्मानित किया.

कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार, सीएमपीडीआई ने राष्ट्र की ऊर्जा और रासायनिक जरूरतों को पूरा करने, आर्थिक आजादी और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन का दोहन करने के लिए छह समस्या विवरणों पर कोयला गैसीकरण पर हैकथॉन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेन्दु कुमार सिंह, सीएमपीडीआई/सीसीएल/बीसीसीएल के कार्यकारिणी निदेशकगण, आईआईसीएम के कार्यपालक निदेशक तथा महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण उपस्थित थे. सतीश दुबे ने सीएमपीडीआई के क्रियाकलापों की सराहना करते हुए कहा कि सीएमपीडीआई न केवल लोगों के विकास में बल्कि देश को तकनीक के बल पर आगे ले जाने में भी अहम भूमिका निभाती है. इनके कार्यों में सबका साथ, सबका विकास शामिल है.



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते कोयला राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे.

सतीश दुबे ने वर्तमान में चल रहे विशेष अभियान 4.0 के तहत सीएमपीडीआई परिसर में स्थापित 3 सौर वृक्ष और वेस्ट टू वेल्थ (स्क्रैप टू आर्ट) थीम के तहत स्क्रैपन से बनी हिरण संरचना का भी उद्घाटन किया. वहीं स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई कर्मचारियों को सम्मानित और एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत कल्पतरू के पौधे भी लगाए. इसके अलावा, मंत्री सतीश दुबे ने सीएमपीडीआई परिसर स्थित नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट, नवीनीकृत व्यायामशाला और संस्थान के खेल मैदान में 4 हाईमास्ट लाइट का भी उद्घाटन किया. इन गतिविधियों को भारत सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है, जिसका उद्देश्य भारत में खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करना और भारत की फिटनेस और स्वास्थ्य में सुधार करना है.

इसके बाद सतीश दुबे ने सीएमपीडीआई की समीक्षा की. इस दौरान उन्हें संस्थान के कार्य-कलापों की विस्तृत जानकारी उनके समक्ष एक प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया. इस मौके पर उन्होंने कोयला एवं खनन उद्योग के विकास के साथ-साथ सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यों में रुचि लेने के लिए सीएमपीडीआई के योगदान की सराहना की.

## आउटसोर्सिंग कंपनी ने शिक्षकों को हटाया

# राजभवन के समक्ष अनिश्तिकालीन धरना

**संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य साक्षरता कर्मी महासंघ के तत्वावधान में सैकड़ों साक्षरता कर्मियों ने शुक्रवार को राजभवन के समक्ष दिया धरना. प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आधार पर हजारों शिक्षकों का 2012 में नियुक्ति हुई थी.

राज्य के गिरिडीह, खूंटी, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम को छोड़ कर 19 जिलों में शिक्षकों की बहाली हुई थी. गुमला जिले के अलख नारायण सिंह ने कहा कि 15 साल से अधिक उम्र के निरक्षर लोगों को साक्षर करने का काम किया. अब इस काम को आउटसोर्सिंग कंपनी को ठेका दे दिया और 2018 में सभी शिक्षकों को हटा दिया. इससे राज्य के सभी शिक्षक बेरोजगार हो गये. सभी शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाते थे. निरक्षर लोगों को साक्षर बनाया. जिले से प्रखंड स्तर तक जनजागरूकता फैलाई. इसमें जिला कार्यक्रम प्रबंधक डीपीएम में 96 शिक्षक को रखा गया था. प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक में छह हजार शिक्षक को शामिल किया गया. प्रेरक के रूप में एक महिला और पुरुष को प्रोत्साहन के लिए नियुक्त किया गया था.



**ये हैं इनकी मांगें**

- साक्षरता कर्मियों की योग्यता, अनुभव का आकलन कर सरकार के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों का समायोजन किया जाए.
- साक्षर भारत कार्यक्रम के बकाये मानदेय का भुगतान किया जाए.
- दस साल से काम कर रहे संविदा कर्मियों को स्थायी किया जाए.
- 1994-1995 से 31 मार्च 2018 तक में जो अनुबंध शिक्षक थे, उनके आश्रितों को नौकरी पर रखा जाए.

**खिलाड़ी सम्मान :** खेल विभाग की ओर से 529 खिलाड़ियों के बीच 4.3 करोड़ कैश अवार्ड बांटे गये

# झारखंड की खेल नीति में संशोधन किए जाएंगे : खेलमंत्री

शुभम किशोर। रांची

खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड की खेल नीति में संशोधन किये जाएंगे, जिसमें खिलाड़ियों की सुविधाओं की बात होगी. खेल मंत्री झारखंड खेल विभाग की ओर से शुक्रवार को डोरंडा के शौर्य सभागार में आयोजित खिलाड़ी का सम्मान नकद पुरस्कार राशि वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने खिलाड़ियों को हमेशा मदद करने की बात पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड का खेल विभाग लगातार यह प्रयास कर रहा है कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलें. समारोह के मुख्य अतिथि खेलमंत्री मिथिलेश ठाकुर, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार ने खिलाड़ियों के बीच इनामी राशि का वितरण किया. इस समारोह में 21 खेलों में पदक जीतने वाले 529 खिलाड़ियों के बीच इनामी राशि का वितरण किया गया. खिलाड़ियों के बीच 4.3290 करोड़ रुपए की इनामी राशि का वितरण हुआ. इस दौरान सबसे अधिक 7 लाख और सबसे कम 25 हजार की राशि खिलाड़ियों के बीच वितरित किए गए. मौके पर खेल मंत्री ने झारखंड खेल प्राधिकरण के नए वेबसाइट का अनावरण भी किया. मौके पर रांची


खिलाड़ी को सम्मानित करते झारखंड के खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर.

डीएसओ शिवेंद्र कुमार, रूपा रानी, खेल विभाग के अधिकारी, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर समेत सभी कर्मचारी और खिलाड़ी मौजूद रहे. खेल सचिव मनोज कुमार ने कहा कि विभाग खेल के विकास के लिए लगातार काम कर रहा है. झारखंड में एक्सेलेंस सेंटर के बाद अब हाई परफॉर्मेंस सेंटर भी शुरू होगा. उन्होंने कहा कि इसकी स्वीकृति मिल चुकी है. यूरोपियन देशों के हाई परफॉर्मेंस सेंटर के तर्ज पर इसे शुरू किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के लिए साइंटिफिक ट्रेनिंग, रिहैबलिटेशन आदि की सुविधा होगी.

उन्होंने कहा कि जल्द की और छह एक्सेलेंस सेंटर शुरू होंगे, इसमें तीन साई के तहत संचालित होंगे. खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा प्रशिक्षकों को भी कैश अवार्ड जल्द दिया जायेगा. पेरिस ओलंपिक में भारत की ओर से आर्चरी में भाग लेने वाली झारखंड की अंकिता भगत को शुक्रवार को सात लाख का कैश अवार्ड दिया गया. अंकिता ने सरकार से कैश अवार्ड की राशि बढ़ाने का अनुरोध किया.

### सात लाख पाने वाले खिलाड़ी

सुनील बहादुर - लॉन बॉल
अभिषेक लकड़ा - लॉन बॉल
आलोक लकड़ा - लॉन बॉल
अंकिता भगत - आर्चरी
दीपिका कुमारी - आर्चरी

### पांच लाख पाने वाले खिलाड़ी


गोल्डी मिश्रा - आर्चरी
सरिता कुमारी - साइक्लिंग

### तीन लाख पाने वाले खिलाड़ी

आशा बारला - एथेलेटिक्स
नारायण महतो - साइक्लिंग
रीता - आर्चरी
रूपा रानी तिर्की - लॉन बॉल

**शहर के पूजा पंडाल**

## मोरहाबादी में एक साथ 14 देवी-देवताओं के होंगे दर्शन



बसंत मुंडा। रांची

मोरहाबादी की गीतांजलि क्लब दुर्गापूजा समिति अनोखी थीम के साथ भव्य पंडाल का निर्माण करा रही है.इस वर्ष असुरों का नाश करनेवाला हवन दिखाया जाएगा. इसमें चारों ओर से त्रिशूल से भैंस को मारते हुए दिखाया जाएगा. इसे दिखाने के लिए पूरी तरह से पारंपरिक और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग किया गया है. पंडाल निर्माण में गमछा, नारियल की रस्सी, मोटा बांस, लोहे के सामान और फाइबर मेटेरियल का उपयोग किया गया है. पंडाल के निर्माण पर 35 लाख से ज्यादा खर्च होने का अनुमान है. इस विशाल व अद्भुत पंडाल में मां दुर्गा के दिव्य रूप का चित्रण किया जाएगा.

**मां दुर्गा के दस अवतार के दर्शन होंगे पंडाल में :** पंडाल में 14 देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित की जा रही है. इसमें मां दुर्गा के दस अवतार, गणेश जी, कार्तिक, राम-लखन, मां सरस्वती समेत अन्य देवी-देवता शामिल है. पांच अक्टूबर से पूजा-पाठ शुरू होगा. सात अक्टूबर को पंडाल का पट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया जाएगा. बांग्ला पद्धति (रीति-रिवाज) से पूजा पाठ होगा. ढोल-ढाक बजानेवाले कलाकारों को बंगाल से बुलाया गया है.पूजा तक खिचड़ी का भोग श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया जाएगा. विजयादशमी के दिन खीर-पुड़ी का वितरण किया जाएगा.

### पंडाल तैयार करने में 32 कारीगर जुटे हैं

आयोजन को सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरजीत सरकार, सचिव संजय सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील प्रसाद, सदस्य यश शर्मा, संरक्षक प्रभात कुमार, विनोद कुमार, विनोद गोप, राजीव रंजन दिन-रात जुटे हुए हैं. अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि पूजा पंडाल और मूर्तियां तैयार करने में 32 कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं. सभी को कोलकाता के कोटाई गांव से बुलाया गया है. पंडाल व मूर्ति का 90 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है. मूर्तिकार सोमेदु मोइली कमल नयन की प्रतिमा गढ़ रहे हैं. 100 मीटर की दूरी पर चार बडे.मुख्य गेट तैयार किए गए हैं, जो 50 फीट ऊंचे और 40 फीट चौड़े हैं. इसके साथ ही सजावट का काम डेकोरेटर सृजनशील विश्वकर्मा ने किया है. पंजाल में मां दुर्गा और भगवान शंकर को तांडव करते दिखाया जाएगा.

**ब्रीफ खबरें**

### फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल के सचिव सुजीत सम्मानित



**रांची।** भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय ने महात्मा गांधी के 155वें जन्म दिवस पर सुजीत उपाध्याय को सम्मानित किया है. दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उन्हें गांधी स्मृति दर्शन समिति की तरफ से सम्मानित किया गया है. सुजीत उपाध्याय झामुमो के संयुक्त सचिव और झारखंड फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल के सचिव हैं. उन्हें यह सम्मान उनके द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कामों के लिए दिया गया है. उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान जरूरतमंदों के बीच दवाइयां व खाद्य सामग्री का वितरण किया था. साथ ही लोगों को अस्पताल पहुंचाने में भी सहायता की थी.

### अग्रवाल सभा ने बैडमिंटन खिलाड़ी को किया सम्मानित

**रांची।** महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन मे आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह मे सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ के पुत्र अनिकेत सर्राफ को बैडमिंटन मे राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीयस्तरीय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अग्रवाल समाज का प्रतिष्ठित नंदलाल मोदी खेलकूद पुरस्कार से सम्मानित किया गया. 14 वर्षीय डीएवी गांधीनगर के नवीं कक्षा के छात्र अनिकेत सर्राफ ने गया बिहार के दिल्ली पब्लिक स्कूल मे आयोजित ऑल इंडिया सीबीएसई बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024- 25 में स्टेट झारखंड एवं बिहार बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता के अंडर-17 मे गोल्ड मेडल जीता तथा डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता मे जोनल एवं स्टेट स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल गेम्स के लिए चयनित हुआ है.

### शंकराचार्य आज रांची में करेंगे गोध्वज की स्थापना

**रांची।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 5 अक्टूबर को रांची आएंगे. जगद्गुरु शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगीराज सरकार ने बताया कि वे रातू रोड की मीनाक्षी गली में अविस्थत श्री राणी सती मंदिर में आएंगे और दोपहर 12.30 बजे गौ ध्वज की स्थापना करेंगे. उन्होंने बताया कि गोध्वज की स्थापना गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने तथा गो हत्या को रोकने के लिए कानून बनाने की मांग के आलोक में की जा रही है. जगद्गुरु शंकराचार्य 12.30 बजे ही स्थापना से पूर्व पत्रकारों से बातचीत भी करेंगे और अपने उद्देश्यों से अवगत कराएंगे.

कहीं दुर्गा सप्तशती तो कहीं गूंजा रामायण का नवाह्न पारायण पाठ

# दर्शन-पूजन के लिए देर शाम तक मंदिरों में लगा रहा तांता

संवाददाता। रांची

नवरात्र की कलश स्थापना के साथ ही राजधानी मां भगवती की भक्ति से सराबोर हो गयी है. स्तुति और प्रार्थना की मधुर स्वरलहरियों से शहर का कोना-कोना गुंजायमान है. शुक्रवार को माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गयी. साधकों ने ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी का पूजन कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाए. आरती उतारी. भोग निवेदित कर कष्टों से छुटकारा के साथ सुख-समृद्धि और शांति का वर मांगा. अष्टप्रहर भक्ति में रमे रहे. यूं तो घरों और पूजा पंडालों में पूजा-पाठ की ही जा रही है, लेकिन मंदिरो में मनाए जा रहे नवरात्र उत्सव की बात ही कुछ और है. धूम मची है. सुबह से देर शाम तक दर्शन-पूजन को श्रद्धालुओ का तांता लगा है. पूजन-अनुष्ठान के साथ कहीं दुर्गा सप्तशती पाठ तो कहीं नवाह्न पारायण पाठ चल रहा है. भक्तगण भजन-संकीर्तन कर मां अंबे को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे. शनिवार को मृण्मयी मां के तीसरी पूजा के दौरान देवी स्थलों पर ऐसी ही बानगी बनी रहेगी. श्रद्धालु मां के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना औरआराधना करेंगे.

**कुंआरी कन्याओं ने किया नवाह्न पारायण पाठ :** प्राचीन राम मंदिर, चुटिया में सुबह मां के दूसरे सवरूप की पूजा-अर्चना की गयी. पुरोहित भूषण पांडेय और दीपक पांडेय ने अनुष्ठान संपन्न कराया. इसमें सपत्नीक मुख्य यजमान विकास कुमार साहू सहित 31 लोगों ने यजमान के रूप में हिस्सा लिया. आरती के बाद दिन के नौ बजे से पाठ प्रारंभ हुआ. व्यास सत्यनारायण दास के सान्निध्य में 301 कन्याओं ने मधुर स्वर में पाठ का उच्चारण कर श्रीराम के श्रीचरणो में श्रद्धा अर्पित की. पाठ शाम चार बजे तक चला. शाम सात बजे आरती के बाद चैतन्य महाप्रभु भजन मंडली की ओर से भक्ति गीतों की खास प्रस्तुति दी गयी. स्वामी परमानंद जी ने राम कथा सुनायी.

**पूजा-पाठ कर भक्ति में लीन रहे श्रद्धालु :** राधाकृष्ण मंदिर रातू रोड में नवरात्र के दूसरे दिन सुबह पंडित ज्ञानदेव मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीचपूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. इसके बाद मां की सामूहिक आरती उतारी गयी. भोग निवेदित किया गया. फिर चंद्रभान तलेजा के सान्निध्य में दुर्गा सप्तशती पाठ कर श्रद्धालुओ ने भक्ति की अविरल धारा बहायी.संध्या आरती के बाद भक्ति गीतो का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक चला.

**चार प्रहर उतारी जा रही आरती :** यज्ञा बाबा आश्रम, मोरहाबादी में पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा सहित शहर के कई गणमान्यों के नाम से कलश स्थापित किया गया है. साथ ही चार प्रहर मां की आरती उतारी गयी. जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया.


चुटिया के राममंदिर में आयोजित रामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ में मानस पाठ करतीं महिलाएं. **फोटो -रमीज की.**

### टाइनी टॉट्स में दुर्गा रूप सज्जा प्रतियोगिता

**रांची ।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन, स्थानीय विद्यानगर स्थित टाइनी टॉट्स इंग्लिश हाई स्कूल में बच्चों के लिए मां दुर्गा की रूप सजा प्रतियोगिता आयोजित की गई. दो खंडों में आयोजित इस प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में कक्षा दो से कक्षा पांच की छात्राएं शामिल थीं, जिसमें से प्रथम पुरस्कार के लिए प्रकृति गुप्ता को, द्वितीय पुरस्कार के लिए नैंसी कुमारी को एवं तृतीय पुरस्कार के लिए तान्या कुमारी को चयनित किया गया. इसी प्रतियोगिता में प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए क्रमश: जाह्नवी कुमारी एवं अंशी कुमारी को चुना गया. प्रतियोगिता का जूनियर ग्रुप कक्षा नर्सरी से कक्षा एक तक की छात्राओं के लिए था. इसमें वेदिका पांडे को प्रथम स्थान, निहारिका कुमारी को द्वितीय स्थान एवं काव्या नंदी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. इसी ग्रुप में प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए संयुक्त रूप से क्रमश: वैष्णवी कुमारी,अंशिका कुमारी, नंदिनी कुमारी एवं आराध्या कुमारी को चिह्नित किया गया. प्रतियोगिता को सफल बनाने में भारती विश्वकर्मा, संगीता जायसवाल एवं स्वाति श्री जैसी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा. मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने निर्णायक की भूमिका अदा की एवं विद्यालय के प्राचार्य दीपक साहू तथा निदेशक प्रवीण परिमल ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर के पुरस्कृत किया.



### गैर सहायता प्राप्त स्कूलों का आवंटन पूजा से पहले हो

**रांची ।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि झारखंड राज्य के गैर सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक व अल्पसंख्यक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बकाया वेतन भुगतान के लिए आवंटन उपलब्ध कराया जाए. वर्ष का एक बड़ा त्योहार दुर्गा पूजा नजदीक है, लेकिन महीनों से इन शिक्षकों व कर्मियों को वेतन नहीं मिला है. वेतन के अभाव में त्योहार की उमंग फीकी पड़ गई है. राज्य सरकार को इस ओर जल्द ध्यान देने की जरूरत है. संघ की ओर से अमीन अहमद ने प्राथमिक शिक्षा के निदेशक को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कहा गया है कि राज्य के गैर सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों (अल्पसंख्यक सहित) के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए राज्य के कुल 13 जिलों को वेतन भुगतान के लिए आवंटन निर्गत की गई है, जबकि राज्य के अन्य 11 जिलों को वेतन भुगतान के लिए आवंटन अब तक अप्राप्त है, प. सिंहभूम समेत कई जिलों से आवंटन अब तक आवंटन जारी नहीं किया गया है.

### जेवीएम श्यामली के छात्र शौनक बने राष्ट्रीय विजेता

**रांची ।** जापान दूतावास द्वारा हर वर्ष जुलाई से अगस्त के बीच 'जापान माह' समारोह का आयोजन किया जाता रहा है. इसके तहत सितंबर महीने में 'एक्सपीरियंस जापान'के आलोक में 10वीं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित पेंटिंग प्रतियोगिता जापान ऑन कैनवास-2024 का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता जापानी महोत्सव, जापान में तीन श्रेणियों में विभक्त थी, जिसमें कक्षा चौथी से दसवीं तक स्टूडेंट्स शामिल हुए. प्रतियोगिता में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के कक्षा पांचवीं से 10वीं तक के 18 स्टूडेंट्स अपनी-अपनी पेंटिंग के साथ शामिल हुए. जेवीएम श्यामली की दसवीं कक्षा के छात्र शौनक करमाकर अपनी रंगों की तूलिका का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनकर उभरे. वहीं अभरना देबनाथ, अनाबिया, रीतिका, अधीरा सिंह, अंशिका सिंह, दक्ष कुमार, लावण्या अत्री, अनुप्रिया, आयशा शाहीर, अभिषेक कुमार, अपराजिता सिंह, रूपनता रमानी, आलिया आर्या, श्रुति श्रेया को सहभागिता प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया.

**न्यूज अपडेट**

### नए पॉडकास्ट चैनल कांके टॉक्स का शुभारंभ



**रांची ।** डीजीक्रो नए पॉडकास्ट चैनल कांके टॉक्स का उद्घाटन शुक्रवार को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया. पॉडकास्ट का विषय, झारखंड के 25 वर्ष पूरे होने पर आधारित क्या खोया-क्या पाया था, जिसकी मेजबानी डीजीक्रो स्टूडियो में डीजीक्रो के फाउंडर डायरेक्टर अमित मोदी ने की. मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के अहम मुद्दों पर बात की, साथ ही राष्ट्र निर्माण में रक्षा मंत्रालय की भूमिका पर भी चर्चा की. कांके टॉक्स का शुभारंभ झारखंड की समस्याओं को उजागर करने के साथ ही साथ उसका समाधान कैसे हो, इस पर चर्चा करना है. कांके टॉक्स विभिन्न क्षेत्रों से विविध आवाजों को सामने लाना जारी रखेगा और झारखंड के अहम मुद्दों और विषयों पर चर्चा करता रहेगा.

### 32 खेलों के साथ खेलो झारखंड प्रतियोगिता शुरू



**रांची ।** राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 का शुक्रवार को रंगारंग शुभारंभ हुआ. इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में 32 खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे. राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेंदु तिग्गा ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, झारखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, झारखंड एथलेटिक संघ के महासचिव ए के पांडे, भारतीय कबड्डी संघ के रेफरी बोर्ड के संयोजक बिपिन सिंह, झारखंड ताइक्वांडो संघ के वाइस प्रेसिडेंट मिथलेश कुमार सिंह, झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषध्यक्ष उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी कोच हरेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे. उद्घाटन पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके की छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए. समारोह में रांची जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों के द्वारा ताइक्वांडो खेल का शानदार डेमोस्ट्रेशन और एसजीएफआई गोल्ड मेडलिस्ट योग टीम ने योग की शानदार प्रस्तुति दी.

## पूजा के दौरान मुस्तैद रहेगी नगर निगम की टीम : नगर आयुक्त

संवाददाता।रांची

दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शुक्रवार को नगर निगम के नगर आयुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में विभिन्न पूजा समितियों के साथ बैठक हुई. ताकि पूजा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो. बैठक में शामिल पूजा समितियों के पदधारियों ने नगर आयुक्त ने कहा कि पूजा पंडालों के आस पास की सफाई के साथ ब्लीचिंग व फागिंग कराई जाये, पंडालों के पहुंच पथ जहां खराब हैं, उन्हें ठीक कराया जाये, अंधकार क्षेत्र की परेशानी को दूर करने के लिये स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाये. चलंत शौचालय की व्यवस्था हो. पानी की व्यवस्था कराई जाये. उन्होंने पूजा समिति के पदधारियों को आश्वस्त किया कि किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जायेगी, निगम की टीम 24 घंटे मुसतैदी के साथ काम करेगी. बेहतर सफाई व्यवस्था के लिये स्पेशल टीम का गठन किया गया है. पूजा पंडालों के आस पास एवं पहुंच पथों की सफाई का पूरा ख्याल किया जायेगा. शहरवासी सफाई, जल जमाव, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत आदि की सूचना निगम की दूरभाष संख्या 18005701235, 8141231235 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, त्वरित कार्रवाई की जायेगी. नगर निगम ने दुर्गा पूजा महोत्सव पर लोगों से अपील की कि शहर में यहां वहां कचरे नहीं डाले, कचरों को जमा कर डस्टबीन में ही डाले, इस तरह शहर की सफाई बनी रहेगी और निगम कर्मी डस्टबीन से आसानी से कचरे का उठाव कर उसे स्वच्छ कर देंगे. मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहु, रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के सदस्य, महानगर दुर्गा पूजा समिति के सदस्य एवं निगम कर्मी शामिल थे.



**जागरूकता शिविर** नशा उन्मूलन पर लाला लाजपत राय स्कूल में डालसा का कार्यक्रम, एलएडीसी ने कहा

# एनजीओ भी नशा करने वालों को ठीक करने में मदद करते हैं

संवाददाता। रांची

झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शुक्रवार को लाला लाजपत राय स्कूल में छात्रों के लिए नशा मुक्ति पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसी की शिवानी सिंह, एनसीबी की एम मीना, सीआईडी के एसआई रिजवान अहमद, ड्रग कंट्रोल विभाग से राजकुमार झा ने नशे के दुरुपयोग और दुष्प्रभावों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया.

मौके पर अतुल गेरा ने बताया कि कैसे साधारण खांसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है. नशा करने से व्यक्ति और परिवार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, कुछ लोगों के लिए नशे की यात्रा 16 वर्ष या इससे कम उम्र से ही शुरू हो जाती है. पुनर्वास केंद्रों की अधिक जनसंख्या उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है. यदि रांची में नशे की समस्या पर नियंत्रण पाया जाए तो अपराध दर में करीब 70 फीसदी की कमी आ सकती है. रांची में नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अधिकारियों को देने की सलाह दी जाती है. एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा. कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ-साथ एनजीओ भी नशा करने वालों को ठीक करने में मदद करते हैं. उन्होंने कहा कि सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों का ईलाज किया जाता है, इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सहायता प्रदान करती है. नशा से संबंधित पदार्थों के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया.

एनसीबी के एम मीना ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है. यह कानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए जिम्मेदार है. नशे की दवाओं का उत्पादन और वितरण इस समस्या की जड़ तक पहुंचता है. सीआईडी के रिजवान अहमद और राजकुमार झा ने भी नशा से बचने एवं उसके रोकथा की बातें कहीं. मालूम हो कि जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित अन्य वक्ताओं ने भी नशा करने से होनेवाले दुरूपयोग के बारे में विस्तार से बतलाया.


डालसा के कार्यक्रम में नशा उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी देतीं शिवानी सिंह.

## मुसलमानों के बीच जन जागरूकता फैलाने के लिए हज हाउस में कल तहफ्फुज ए कांफ्रेंस

संवाददाता। रांची

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से केंद्र सरकार के समक्ष संशोधन विधेयक 2024 के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत झारखंड राज्य स्तर पर भी एक दिवसीय तहफ्फुज अवकाफ कांफ्रेंस का आयोजन 6 अक्टूबर को हज हाउस में किया जा रहा है. सम्मेलन का उद्देश्य वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के खिलाफ जन जागरूकता पैदा करना और सरकार पर बिल वापस लेने के लिए दबाव बनाना है. इस मौके पर समय की धार्मिक और संवैधानिक स्थिति, वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के नुकसान, अल्लाह या मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा समय की सुरक्षा पर चर्चा की गई. बदली हुई परिस्थितियों में गतिविधियों एवं ठोस उपायों पर विचार किया जायेगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड फकीह असर हैदराबाद के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी करेंगे. जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बोर्ड के महासचिव मौलाना शाह मोहम्मद फजलुर रहीम मजदी जयपुर होंगे. दिल्ली के प्रवक्ता डॉ सैयद कासिम रसूल इलियास और बोर्ड सदस्य मौलाना अबू तालिब रहमानी विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगे. इसके अलावा सम्मेलन में देश और झारखंड के प्रतिष्ठित विद्वान, बुद्धिजीवि, अल्पसंख्यक प्रतिनिधि, राजनेता, विशिष्ट हस्तियां और विभिन्न लोग शामिल होंगे. यह जानकारी कन्वेनर के मौलाना डॉ मोहम्मद यासीन कासमी ने दी.



## ब्रीफ खबरें

### मांडर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने तिगोई अंबा टोली निवासी रामजीत उरांव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है. उसके ऊपर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है. मामले को लेकर पीड़िता के पिता के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उसके ऊपर पोस्को एक्ट लगाया गया है.

### ठाकुरगांव थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**बुढ़मू ।** ठाकुरगांव दुर्गापूजा को लेकर ठाकुरगांव थाना में शांति समिति की बैठक शुक्रवार को बुढ़मू बीडीओ धीरज कुमार की अध्यक्षता में हुई. बैठक में दुर्गापूजा हर्षोल्लास पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन सख्त कारवाई करेगा. उन्होंने सरकार के निर्देशों के तहत पूजा पंडाल में सुरक्षा के उपाय करने की भी बात कही.

### खंजन महतो का शहादत दिवस मनाया गया

**राहे ।** प्रखंड के चैनपुर गांव में शुक्रवार को जगुआर के शहीद जवान खंजन महतो का पांचवा शहादत दिवस सम्मान पूर्वक मनाया गया. राहे प्रखंड आजसू कमेटी के सदस्यों ने प्रभारी संजय सिद्धार्थ के नेतृत्व में चैनपुर गांव स्थित प्रतिमा स्थल पर जाकर प्रतिमा पर सम्मान के पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किए.आजसू कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से प्रतिमा पर माल्यार्पण किये. मौके पर राहे थाना के एसआई पिंटू कुमार आदि शामिल थे.

### झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष साकिर अंसारी ने पार्टी छोड़ी

**ओरमांझी।** वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद साकिर अंसारी ने मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत करते हुए घोषणा की कि उन्होंने हटिया विधानसभा से चुनाव लड़ने के उद्देश्य से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है. वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद साकीर अंसारी ने बताया कि उनका यह निर्णय कई कारणों से प्रभावित हुआ है, जिसमें पार्टी की आंतरिक राजनीति और निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव शामिल है.

### खलारी थाना में शांति समिति की बैठक हुई

**खलारी।** दुर्गा पूजा को लेकर खलारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता व संचालन खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने की. बैठक में उपस्थित लोगों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने, क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना या अफवाह फैलने पर पुलिस को सूचना देने, पूजा के दौरान पुलिस की गश्ती बढ़ाने, अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने, पूजा पंडाल में पुलिस बल की तैनाती करने समेत अन्य मुद्दों को उठाया.

### गूंगा नाला पर उच्चस्तरीय पुल का हुआ शिलान्यास

**अनगड़ा।** अनगड़ा - हाहे - राहे पथ पर अवस्थित गूंगा नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप, प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव,उप प्रमुख जयपाल हजाम,मुखिया हिरदु उरांव ने संयुक्त रुप से किया . खिजरी विधायक ने बताया कोई ऐसा रास्ता नहीं है जो नहीं बनेगा यदि खिजरी विधानसभा के जनता फिर से सेवा का मौका दिया तो बाकी अधूरे कार्य को पूरा किया जाएगा .

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद आज रांची पहुंचेंगे

**रांची।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के नेतृत्व में पूरे भारत में गो प्रतिष्ठा आंदोलन के तहत गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा 22 सितंबर से 26 अक्टूबर तक चल रही है. इसी क्रम में शंकराचार्य पांच अक्टूबर को रांची आएंगे. मीनाक्षी गली रातू रोड से पहाड़ी मंदिर तक शोभायात्रा में शामिल होकर पहाड़ी मंदिर पहुंचेंगे. यहां उनके स्वागत के साथ गो ध्वज स्थापित किया जाएगा.

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा रद्द करने को लेकर आज मशाल जुलूस

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सह झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से संचालित सीजीएल परीक्षा की जांच करते हुए रद्द करने की मांग की है. उन्होंने राज्य स्तरीय चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है. इसके तहत शनिवार को संपूर्ण झारखंड के सभी जिला मुख्यालयों में संध्या में मशाल जुलूस सह मुख्यमंत्री और जेएसएससी अध्यक्ष का पुतला दहन किया जाएगा.

---

संवाद कार्यक्रम के जरिए अजय नाथ शाहदेव ने हटिया विस क्षेत्र में दिखाई ताकत, हजारों की संख्या में दिनभर जुटे रहे लोग

# मॉडल स्कूल व सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलना मुख्य लक्ष्य : अजय

**शाहदेव ने क्या-क्या कहा**
- हटिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करेंगे
- सरकारी विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने की पूरी कोशिश की जाएगी

संवाददाता। रांची

कांग्रेस पार्टी के हटिया विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संवाद कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने विस क्षेत्र के लिए अपनी प्राथमिकताएं लोगों के सामने रखी. उन्होंने कहा कि शिक्षा पर हर अमीर गरीब का समान अधिकार है . अगर जनता उन्हें मौका देती है, तो हटिया विधानसभा में सभी सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल की तर्ज पर विकसित करना उनका लक्ष्य है. कांग्रेस महासचिव ने कहा कि वे सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संगीत, खेल जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे, ताकि यहां रहनेवाले गरीब परिवार के बच्चे भी राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें. युवाओं की बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्योग- धंधे स्थापित कराना भी उनकी प्राथमिकता सूची में है. हटिया क्षेत्र के लोगों के लिए हटिया में ही रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि वर्तमान में हटिया क्षेत्र की जनता ईलाज के लिए रांची के सदर अस्पताल या रिम्स पर निर्भर है. क्षेत्र में एक भी अस्पताल नहीं है और यहां के जनप्रतिनिधि को इसकी कोई चिंता ही नहीं है. हटिया क्षेत्र में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलवाना उनका लक्ष्य है, ताकि लोगों को समय से बेहतर इलाज मिल सके.


हटिया विधानसभा क्षेत्र स्तरीय संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते अजय नाथ शाहदेव .

**भाजपा को झारखंड में पैर पसारने नहीं देना है: प्रदीप बलमुचू :** कांग्रेस पार्टी के हटिया विधानसभा स्तरीय संवाद कार्यक्रम में पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने राज्य की हेमंत सरकार की उपलब्धियों को रखा. उन्होंने मंईयां सम्मान योजना, कृषि ऋण माफी, अबुआ आवास योजना, बिजली बिल माफी का जिक्र करते हुए कहा कि हटिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है. केंद्र सरकार पर निशाना साधके हुए उन्होंने कहा कि पहले तो फ्री में गैस सिलेंडर दिया, फिर उसका दाम बढ़ा दिया. लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार बचपन से बुढ़ापा तक जनता की फिक्र कर रही है.

**संवाद कार्यक्रम में इन नेताओं की भी रही भागीदारी :** संवाद कार्यक्रम में अमर उरांव, मेरी तिर्की, नीतू देवी, उषा देवी, शकुंतला देवी, लाल पृथ्वीनाथ शाहदेव, लाल रमेश नाथ शाहदेव, कुमार अतुल राज, कमल ठाकुर, गौतम उपाध्याय, दीपक ओझा, मेरी भगत, हुसे उरांव, रेणु तिर्की, लक्ष्मी नारायण भगत, सुखदेव उरांव, सबिता कुजूर, निरंजन कुमार, सुरेश गोप, अजीत उरांव, निकोलस एक्का, सुष्मिता तिर्की, अख्तर अंसारी, जसीम अंसारी, संजय साहू, हेमंत गाड़ी, सुदामा गोप, राजेश कुजूर, सोमा उरांव, रायमुनी किस्पोट्टा, अर्चना देवी, अकबर अली, गुलाम गौस अरशद, आशीष लकड़ा, विजय कच्छप, अभिराज, सुनील, अरविंद बाखला, रोशन तिर्की, शकील अंसारी, संतोष कुमार, मंजूर अंसारी, हकीम अंसारी, कर्मा लिंडा, विनीता तिर्की, मेनका गाड़ी, शैली, सरवरी, सुषमा, जतरी देवी, अजमुल हक, मोनाजिर हसन, राशिद अली, एनामुल अंसारी, सद्दाम अंसारी, रवि मुंडा, मनोज नायक सहित हजारों की संख्या में हटिया विधानसभा वासी उपस्थित थे.

### हटिया विस से अजयनाथ शाहदेव को जिताएं, हेमंत सोरेन को फिर से सीएम बनाना है : गीताश्री उरांव

संवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश की संपत्ति अडानी-अंबानी के हाथों में सौंप दी है. केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण ही देशभर में कोरोना फैला था. कोराना में बाहर फंसे मजदूरों को हेमंत सोरेन की सरकार ने विमान से लाने का काम किया. उन्होंने केंद्र सरकार पर सरना धर्म कोड को लटकाने का आरोप लगाया. संवाद कार्यक्रम का संचालन रातू प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहाबिर लोहरा और रातू मंडल अध्यक्ष अतुल राज ठाकुर ने किया.

### हटिया विधायक व्यापारी हैं, भाजपा को झारखंड से खदेड़ना है, हर हाल में अजय को जिताना है : बंधु तिर्की

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि हटिया विधानसभा सीट से हर हाल में अजय नाथ शाहदेव को विजयी बनाना है. उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से कहा कि हम सभी को अजय नाथ शाहदेव का समर्थन करना है, क्योंकि भाजपा के वर्तमान विधायक को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना ही नहीं है. दरअसल भाजपा विधायक मुख्य रूप से व्यापारी हैं. भाजपा को अप्रासंगिक बताते हुए तिर्की ने कहा कि भाजपा को झारखंड से खदेड़ना सभी लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है और अपनी खुली आंखों से सारा घटनाक्रम देख रही झारखंड की आम जनता आगामी विस चुनाव में भाजपा और उसके नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देगी.

---

बेड़ो के महादानी मैदान में जयराम महतो ने भरी हुंकार, बोले-

# जेएलकेएम की सरकार बनी तो विधायकों की पेंशन बंद होगी

संवाददाता । बेड़ो

झारखंड आदिवासियों व मूलवासियों का राज्य है. आदिवासी कहने का मतलब सिर्फ हेमंत सोरेन का परिवार नहीं है. यहां रहने वाले आदिवासी आज भी झारखंड अलग राज्य होने के 24 साल बाद भी आज देश के महानगरों दिल्ली, मुंबई, गुजरात, जैसे जगहों में चंद रुपयों के लिए आदिवासी महिलाएं दाई का काम करने व आदिवासी पुरुष बड़ी संख्या में ईंट भट्ठों में मजदूरी करने के लिए विवश हैं. उक्त बातें शुक्रवार को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में आयोजित झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित बदलाव संकल्प सभा के दौरान मोर्चा के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने हुंकार भरते हुए कही. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मइँया सम्मान योजना सीधे सीधे चुनाव में महिलाओं को रिश्वत देने के समान है. सरकार एक हजार रुपए देकर ठगने का काम कर रही है.


ग्रामीणों को संबोधित करते हैं टाइगर जयराम महतो.

अगर महिलाओं को लाभ देना ही था तो 4 साल पहले देना चाहिए था. उन्होंने ऐलान किया उनकी सरकार बनी तो कि मइँया और भइया दोनों को सम्मान मिलेगा. उन्होंने राज्य में 1932 का खतियान लागू करने तथा क्षेत्रीय भाषा को आधार बनाने की बात कही. साथ ही कहा कि हमारी सरकार बनी तो विधायकों का पेंशन बंद कर उन्हें जरूरत के अनुसार पेंशन देने का काम करेगी. वहीं टाइगर जयराम ने सभा स्थल पर ही जेएलकेएम से मांडर विधानसभा क्षेत्र से गुना भगत को प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की. इधर मांडर विधानसभा प्रभारी और विधानसभा चुनाव में घोषित प्रत्याशी गुना भगत ने कहा कि मांडर की जनता बंधु तिर्की और उनकी बेटी विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से त्रस्त हो गई है. झूठे वायदे और झूठे प्रलोभन के बल पर बंधु तिर्की 15 साल तक विधायक रहे. वहीं उनकी बेटी एक बार विधायक बन कर दुबारा चुनाव लड़ने की तैयारी में है. लेकिन अब मांडर की जनता उनसे निजात पाना चाहती है. उन्होंने कहा कि अगर जनता जेएलकेएम को मांडर से जिताती है तो यहां के आदिवासियों व मूलवासियों का तक़दीर बदलने का काम करेंगे. बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी बदलाव संकल्प सभा को केंद्रीय महासचिव दीपक महतो, तमाड़ विधानसभा की प्रत्याशी दयमंती मुंडा, गुमला जिले की निशा भगत, महिला मोर्चा की केंद्रीय कोषाध्यक्ष पूजा महतो, जेकेएलएम की शेरनी शानिया प्रवीण, चचगुरा के सुखदेव उरांव, ग्रामीण जिला अध्यक्ष आलोक उरांव, केंद्रीय महामंत्री रांची सुमित महतो, युवा मोर्चा के केंद्रीय महासचिव शनी संदीप तिग्गा, दक्षिणी छोटा नागपुर के महामंत्री पंचम एक्का, रांची जिला ग्रामीण युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजू महतो,आदि लोग शामिल थे.

### विधायक ने पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड के बांसारूली पंचायत में मुरी पंचायत एवं बांसारूली पंचायत को जोड़ने हेतु ऊरांगाढ़ा नदी पर शुक्रवार के दिन सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. कार्यक्रम में जनमानस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की काफी दिनों से पुल निर्माण की मांग थी जिसमें विकास को गति देते हुए पूरा कर दिया गया. वर्तमान में ग्रामीणों को मुरी जाने के लिए 5 किमी का दूरी तय करना पड़ता है परंतु पुल का निर्माण हो जाने से अब एक किमी की दूरी ही तय करनी पड़ेगी.

### भालूओं के हमले से वृद्ध घायल, भर्ती

**लापुंग।** लापुंग के दोलैचा में जंगली भालूओं के हमले से वृद्ध किसान बुरी तरह घायल. स्थिति गंभीर. लापुंग थाना के दौलेचा गांव में जंगली भालूओ ने हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया. जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रांची भेज दिया गया. हमले में घायल किसान परवल साहू ने बताया कि वे प्रातः पांच बजे अपने घर से निकल कर शौच के लिए अपने खेत की ओर जा रहा थे. इसी दौरान घर के पास ही अचानक तीन जंगली भालू धमके जिनमें दो छोटा व एक बड़ा भालू था.

## न्यूज अपडेट

### आरपीएफ ने टिकट दलाल को किया गिरफ्तार

**रांची।** आरपीएफ ने रांची के पटेल चौक से टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है. दलाल का नाम पिंटू कुमार है. वह हरमू हाउसिंग कॉलोनी का रहने वाला है. आरपीएफ निरीक्षक डी. शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि रांची मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर दुर्गा पूजा के मद्देनजर आरपीएफ ने टिकट दलालों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चला रही है. इसी क्रम मे गुप्त सूचना के आधार पर पटेल चौक में गुप्त निगरानी के दौरान रांची पोस्ट के निरीक्षक डी. शर्मा के नेतृत्व एक व्यक्ति को शक के आधार पर पकड़ा गया. इसके पास से तलाशी के दौरान 19 हजार 200 रुपए का लाइव और पुराना रेलवे टिकट बरामद किया गया. पूछताछ में टिकट दलाल ने बताया कि वह उन टिकटों को रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउन्टर से दूसरे व्यक्ति से कमीशन का पैसा लेकर देने के लिए खरीदा था. उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने टिकटों को जब्त कर आरोपित को रेल अधिनियम कि धारा 143 के तहत गिरफ्तार कर लिया.

### चेन छिनतई करने वाले गिरोह के चार सदस्य धराये

**रांची।** पुलिस ने शहर में लूट और सोने की चेन छिनतई करने वाले गिरोह के तीन सदस्य और चोरी के चेन को खपाने वाले एक सोनार को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपितों में पंकज कुमार महतो, दीपक महतो, जफर खान उर्फ शाहिद खान और सोनार आनंद कुमार उर्फ गोल्डी शामिल है. सभी आरोपित पिठोरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रांची जिला में लगातार हो रहे चेन छिनतई की घटना की रोकने के लिए एसआईटी टीम का गठन कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्त्व में किया गया. टीम के जरिये अनुसंधान के क्रम में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया. इनके पास से लूटे हुए तीन सोने की चेन , लूट में इस्तेमाल किये गया पल्सर बाइक बरामद किया गया है. तीनों ने पूछताछ में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि शहरी क्षेत्र के अन्य थाना क्षेत्र में भी तीनों ने महिलाओं से सोने के चेन की छिनतई एवं लूट की घटना को अंजाम दिया गया है.

### विभिन्न दलों के दर्जनों कार्यकर्ता आजसू में शामिल

**सोनाहातू।** सिल्ली में शुक्रवार को आयोजित आजसू के मिलन समारोह में प्रखंड के तेंतला पंचायत के बिरदीडीह गांव के विभिन्न दलों के दर्जनों कार्यकर्ता ज्ञान रंजन महतो और के नेतृत्व में आजसू में शामिल हुए. जिसमें सहोदर महतो,भीमसेन महतो,लालदेव महतो,मनमोहन महतो,राकेश महतो, रतन महतो,तारकेश्वर महतो,संजोत सिंह मुंडा, विभीषण सिंह मुंडा,सहन सिंह मुंडा,दिलेश्वर सिंह मुंडा, लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा, विद्यासागर सिंह मुंडा आदि प्रमुख हैं. आजसू प्रमुख सह विधायक सुदेश महतो ने पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर सभी का स्वागत किया. मौके पर विधायक ने सभी को समन्वय बनाकर गांव के समस्या के समाधान पर कार्य करने एवं गांव में एकजुटता बनाए रखने का आग्रह किया. इस मौके पर पुर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, सुषेण प्रमाणिक आदि मौजूद थे.

### स्कॉलरशिप कार्यक्रम के परिणाम की हुई घोषणा

**मांडर।** भारथी एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल स्कॉलरशिप कार्यक्रम का आयोजन 24 सितंबर को लिया गया था. जिसका परिणाम की घोषणा एवं सार्टिफिकेट वितरण कर बीएड डीएलएड, नर्सिंग फामेर्सी के छात्र/छात्राओं को प्रथम से लेकर 13वां स्थान तक पुरस्कार स्वरूप प्रथम स्थान पानेवाले को 25000 रुपये, द्वितीय स्थान पानेवाले को 20,000 रुपये, तृतीय स्थान पानेवाले को 15,000 रुपये, चृतुर्थ से आठवां स्थान, पानेवाले को 10,000 रुपये तथा नवाँ से 13 वां स्थान पानेवाले फीस के रूप में समायोजित किया गया. सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ फामेर्सी- प्रथम स्थान रिजवान अंसारी, द्वितीय स्थान इमरान अंसारी, तृतीय स्थान राहुल चैधरी, चतुर्थ स्थान जितेन्द्र कुमार यादव, पांचवाँ स्थान कुरबान अंसारी को मिला.

### बेड़ो में नए डीएसपी अशोक कुमार राम ने पदभार संभाला

**बेड़ो।** बेड़ो में डीएसपी के पद पर अशोक कुमार राम ने पदभार ग्रहण किया. उन्होंने कहा कि अपराध और उग्रवाद पर अंकुश लगाना तथा कानून व्यवस्था को ठीक रखना उनकी प्राथमिकता होगी . शुक्रवार को डीएसपी अशोक राम ने पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में बेडो सर्किल क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ में बैठक कर क्राइम कंट्रोल को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए. खास कर जमीन विवाद, डाईन बिसाही, यौन शोषण व घटनाक्रम में त्वरित निष्पक्ष करवाई करने का निर्देश दिया. वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग अच्छे है. आप कॉपरेट करेगे तो आपको भी सहयोग मिलेगी. उन्होंने बताया कि मैं भी इसी बेड़ो में थाना प्रभारी रह चुका हूं. मौके पर बेडो थाना प्रभारी नकुल साह, लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, नरकोपी थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान व इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ककरिया पिकेट के प्रभारी मो इमरान उपस्थित थे.

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा : विधायक

**बुंडू ।** बेदाग है मेरा चरित्र और मैं जनता के उम्मीदों पर खरा उतरूंगा. उक्त बातें झामुमो विधायक विकास कुमार मुंडा ने कही. वे शुक्रवार को अपने नये आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे. आगे उन्होंने कहा आगामी विधानसभा का चुनाव लड़नेवाला एक तो मेरे पिता का हत्यारा है और दूसरा 18 करोड़ वसूली कर चुनाव लड़ने आया है. लेकिन मेरा चरित्र बेदाग है.आपसे वादा करता हूं कि मैं आपके उम्मीदों पर खरा उतरूंगा. राज्य की हेमंत सरकार ही आपका भला कर सकती है. हेमंत सरकार में मंईया योजना के तहत हर महीने एक हजार रूपये दिये जा रहे हैं बिजली और बैक का कर्ज माफ हुआ. आपका कोई दिक्कत है तो वे सीधे मुझसे मिलें. मेरा दरवाजा आपके लिए खुला है. बाद में उन्होंने बुंडू, तमाड़ और अड़की से आये और झामुमो की सदस्यता ग्रहण करनेवाले नये सदस्यों को फूलमाला पहनाकर पार्टी स्वागत किया. मौके पर मुख्य रूप से प्रदीप मुंडा, गिरीश मुंडा, बासु सेठ, अरविंद कुमार, बाला महतो, कोलेश्वर मुंडा, राजेश सिंह मुंडा, चतुर सेठ, बृहस्पति देवी, ऊर्फला देवी आदि मौजूद थे.

---

## खलारी में बालू कारोबारी के घर पर अपराधियों ने की फायरिंग


घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़ और जांच करते पुलिसकर्मी.

संवाददाता। खलारी

बालू के लेवी को लेकर शुक्रवार की रात को अपराधी गिरोह ने बालू कारोबारी शंकर महतो के घर पर जमकर फायरिंग की. घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था. मौके पर पहुंची खलारी पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया. समाचार लिखे जाने तक किसी भी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी थी.बताया जाता है कि लेवी के लिए विकेश तिवारी ग्रुप के पहाड़ी जी व अनीश जी ने एक दर्जन लोगों को बुलाया था. लेवी को लेकर लोगों को धमकाया भी. बात नहीं बनने पर बालू कारोबारी शंकर महतो के घर के बाहर विकेश तिवारी ग्रुप के लोगों ने अत्याधुनिक हथियारों से जमकर कर फायरिंग की . फायरिंग के समय उक्त बालू कारोबारी घर पर मौजूद नहीं था.सूत्रों की माने तो अपराधी उक्त बालू कारोबारी की हत्या के इरादे से घटना को अंजाम दिया. हाल के दिनों में टीपीसी से अलग होकर के नये संगठन का संचालन कर रहा विकेश तिवारी ग्रुप के पहाड़ी जी व अनीश जी लेवी के लिए लगातार क्षेत्र में लोगों डरा धमका रहे है.

### शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए हम कार्य कर रहे हैं : सुदेश महतो

**सिल्ली/मुरी ।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं. क्षेत्र के बच्चों को अपने सपने पूरे करने में किसी भी प्रकार की कोई बाधा न आए यह हमारी प्राथमिकता है. इसी कड़ी में हाई स्कूल के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना की शुरुआत की जा रही है. आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए यह किचन वरदान साबित होगा. उक्त बातें सिल्ली विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए युवा मध्याह्न भोजन योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में कही. इस योजना के तहत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा. इसका संचालन प्रगति प्रयास फाउंडेशन के द्वारा किया जाएगा.

## बिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के विचारों का अनुसरण करें : विधायक


कार्यक्रम में शामिल विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व अन्य.

संवाददाता। मांडर

मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज झारखंड में जहां विकास, आपसी सद्भावना और एकजुटता की सबसे ज़्यादा जरूरत है. वहीं वैश्विक परिस्थितियां भी बेहद प्रतिकूल है. उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के बीच बढ़ता तनाव और युद्ध की घटनाएं चिंताजनक है .आज अपने पहले एशियाई आदिवासी बिशप स्व. कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के विचारों का अनुशरण करना सबसे अधिक जरूरी है.कार्डिनल स्व. कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर चैनपुर पल्ली के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था. मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि स्व.कार्डिनल का पूरा जीवन और उनके विचार, सहिष्णुता, सद्भावना एवं एकजुटता पर आधारित हैं . यही उनके जीवन का मूल मंत्र होने के साथ ही उनके जीवन का संदेश भी है. उन्होंने कहा कि न केवल चैनपुर या गुमला बल्कि पूरे झारखण्ड और देश के लिये यह गर्व की बात है कि एशिया के पहले आदिवासी बिशप हमारे अपने हैं .

---

**पहल** रक्षा राज्यमंत्री की अनुशंसा पर गंभीर रोगों से उपचार के किए मिली राशि

# पीएम राहत कोष से नौ माह में 25 मरीजों को 59 लाख मिले

संवाददाता। रांची

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से रांची लोकसभा क्षेत्र के 25 लोगों को उपचार के लिए करीब 59 लाख रुपये की राशि प्रदान की गयी है. जनवरी 2024 से सितंबर 2024 के बीच यह राशि संबंधित अस्पतालों को दी गयी है. मालूम हो कि सांसदों की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से गंभीर बीमारी के उपचार के लिए प्रधानमंत्री की स्वीकृति पर देश के गरीब लोगों को राशि उपलब्ध करायी जाती है. संजय सेठ के सांसद बनने के बाद ही अब तक बड़ी संख्या



में लोगों को इलाज के लिए राशि उपलब्ध करायी गयी है. जनवरी 2024 से सितंबर 2024 के बीच जो राशि उपलब्ध करायी गयी है, वह 59 लाख रुपये है. इनमें प्रमुख रूप से किडनी, कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों के लिए राशि प्रदान की गयी है. 11 लोगों को कैंसर के उपचार के लिए शेष अन्य लोगों को अलग-अलग रोगों के उपचार के लिए यह राशि दी गई है. यह राशि बीमारी के अनुसार अधिकतम तीन लाख रुपये तक की है.

इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष की राशि का उपयोग जनता के गंभीर रोगों के उपचार के लिए हो रहा है. प्रधानमंत्री ने देश के खजाने को देश की जनता के लिए ही खोल कर रखा है, यह बड़ी बात है कि देश की गरीब जनता उपचार के लिए अब ठोकर नहीं खाती है. उनके बेहतर उपचार के किए पीएम उनके साथ खड़े हैं, रांची लोकसभा क्षेत्र में यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री इतने बड़े पैमाने पर गरीबों के उपचार के लिए राष्ट्रीय आपदा राहत कोष राशि उपलब्ध करा रहे हैं. संजय सेठ ने इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा यह बहुत ही सार्थक पहल की जा रही है.

**खास बातें**
- 25 लोगों को मिली राशि, 13 लोगों को मिले 3-3 लाख
- मंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट की

**ऐसे उपलब्ध होगी इलाज की राशि**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से इलाज के लिए मरीज या उनके अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, अस्पताल का इस्टीमेट, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, सांसद का अनुशंसा पत्र, मरीज या उनके परिवार का एक आवेदन आवश्यक है. साथ ही संबंधित अस्पताल का पीएम राहत कोष से संबद्ध होना भी जरूरी है. आवेदन के 40 दिन के अंदर तक पीएमओ की समिति राशि स्वीकृत कर संबंधित अस्पताल को भेज देती है.

